## खबर संक्षेप



### सेहत की पाठशाला में किया स्वास्थ्य सम्बंधी चर्चा

**उमरियापान।** उमरियापान के चौरसिया मंगल भवन में सेहत की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मा सरस्वती के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर वरिष्ठ स्वास्थ्य परामर्शदाता अधीर घोडेश्वर, संध्या धोडेश्वर,सुधा घोडेश्वर, रश्मि बांगडे के द्वारा उपस्थित जन समुदाय को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी और स्वास्थ्य को लेकर चर्चा किया।मुख्य वक्ता संध्या अधीर घोडेश्वर ने आज के परिवेश में खानपान संबंधी बीमारी से मुक्ति, मेडिसिन फ्री लाइफ एवं जीवन सेहत संबंधी जानकारी दी। संचालन मनोज पसारे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सरपंच अटल ब्यौहार,जनपद उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, कालूराम चौरसिया,जय प्रकाश चौरसिया,पारस पटेल,अश्वनी शुक्ला,चमन काछी,पूनम पसारे,लक्ष्मी बर्मन,नताशा अरोरा,शारदा सिंह डेहरिया,योगेश सोनी, संतोष बर्मन,नीरज चौरसिया सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**कटनी।** नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जाएगा। जिन नगरीय निकायों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्ध के लिये किया जा चुका है, उनके लिये यह लागू नहीं होगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवम्बर 2025 को होगा। रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति तथा जिला स्तरीय प्रशिक्षण 25 अगस्त तक किया जाएगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड और अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिये जाएंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 27 अक्टूबर तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 13 नवम्बर 2025 को किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी कर दिये गये हैं।

### उमरियापान थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**उमरियापान।** गणेशोत्सव और मिलादुन्नबी पर्व को लेकर सोमवार को उमरियापान पुलिस थाना में शान्ति समिति की बैठक हुई। बैठक में तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया और थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दोनों ही पर्वों को शान्ति पूर्ण तरीके से मनाने को कहा।तहसीलदार ने कहा कि शासन के नियमों का पालन कर त्यौहार मनाएं। वहीं थाना प्रभारी ने कहा असामाजिक तत्वों और अपराधिक गतिविधियों की सूचना पुलिस को जरूर दें। इस मौके पर शिवकुमार चौरसिया,राजा चौरसिया, सरपंच अटल ब्यौहार, जनपद सदस्य शैलेन्द्र पौराणिक, राजेन्द्र पटेल,पारस पटेल,जितेन्द्र अरोरा,जगन्नाथ मांझी, सुखदेव चौरसिया, जमुना तिवारी,प्रदीप चौरसिया,संदीप सोनी,राकेश दाहिया, राजेश राय,रिंकू मिश्रा, महेन्द्र कोरी,दिनेश गुप्ता,राजाराम काछी,रामविशाल विश्वकर्मा, बलराम गर्ग,स्वतंत्र चौरसिया,अयूब खान,अंकित झारिया,राकेश यादव,राजेन्द्र चौरसिया सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### केन्द्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री की मौजूदगी में जबलपुर में हस्ताक्षरित हुआ अनुबंध

# कटनी में पीपीपी मॉडल में बनेगा मेडिकल कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में सोमवार को जबलपुर के घंटाघर स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सांस्कृतिक सूचना केन्द्र में आयोजित भव्य समारोह में कटनी जिले में पीपीपी मॉडल पर नवीन चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु अनुबंध हस्ताक्षरित हुआ।

कटनी के नवीन मेडिकल कॉलेज के लिए जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शासन और स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन के बीच अनुबंध हुआ। इस मौके पर हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किये गए।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश में तकनीकी सशक्तिकरण का नया अध्याय जोड़ते हुये स्मार्ट चैट बॉट 'आयुष्मान' एवं 'सखी' का शुभारंभ किया। यह चैट बॉट आमजन को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और परामर्श प्रदान करने का आसान माध्यम बनेगा। इसके साथ ही आशा कार्यकर्ताओं से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी मजबूती को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके लिए मातृ शिशु सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाली योजनाओं को और डिजिटल नवाचार (आशा से संवाद स्वास्थ्य की बात आशा के साथ), गर्भावस्था पोषण पर प्रचार प्रसार सामग्री पोस्टर और मातृ और शिशु सुरक्षा कार्ड के वितरण कार्य का भी शुभारंभ किया।

कटनी के लिए नवीन मेडिकल कॉलेज स्थापना हेतु अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर समारोह का कटनी जिला चिकित्सालय में लाइव प्रसारण देखा और सुना गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना कमलकांत परस्ते, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर और सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा सहित बड़ी संख्या में कटनी के गणमान्य जनों की मौजूदगी रही।

### PPP मोड पर मेडिकल कॉलेज का हो रहा विरोध



जिले में शासकीय मेडिकल कॉलेज की मांग सालों से की जा रही थी अब सरकार द्वारा पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) सौगात कटनी जिले को दी गई है जिसका विरोध शुरू हो गया है। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंशु मिश्रा ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से पूर्ण रूप से सरकारी मेडिकल कॉलेज की मांग की है। विभिन्न संग अंशु का कहना है कि पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा को लेकर जनता खुद को छला महसूस कर रही है। पूर्व में विभिन्न मंचों से तत्कालीन शिवराज सिंह चौहान, चुनाव के दौरान खजुराहो कटनी सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं मुड़वारा विधायक संदीप जयसवाल ने 2023 चुनाव के समय पत्रकार वार्ता कर यह जानकारी दी थी की कटनी के शासकीय मेडिकल कॉलेज खुलेगा। आज पीपीपी मोड पर कॉलेज की घोषणा ने उन सभी घोषणाओं को ठेंगा दिखा दिया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया की कटनी को फिर कमजोर नेतृत्व की वजह से उपेक्षित किया गया। जबलपुर, सतना, रीवा में शासकीय मेडिकल कॉलेज है, वही कटनी के साथ फिर दुर्व्यवहार हुआ है। पीपीपी मोड वाले कॉलेज की विसंगतियों को जनता के बीच लेकर जाएंगे जिससे भाजपा के जनप्रतिनिधियों का असली चेहरा जनता के सामने आ सके। मेडिकल कॉलेज को लेकर एनएसयूआई के तत्कालीन अध्यक्ष रहते अनेकों जन आंदोलन हुए,जनता ने कटनी बंद जैसे आंदोलन कर इस मांग को बुलंद किया।ऐसे में यह पीपीपी मेडिकल कॉलेज जनभावनाओं के विपरीत है। इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।शासन को तत्काल ये फैसला वापस लेकर कटनी को विधिवत शासकीय मेडिकल कॉलेज खुलवाने की घोषणा करनी चाहिए। इसके अलावा शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी पीपीपी मोड मेडिकल कॉलेज पर असंतोष जताते हुए पूर्ण सरकारी मेडिकल कॉलेज की मांग की जा रही है।



## विश्व मानवतावादी दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

विश्व मानवतावादी दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में कार्यशाला आयोजित हुई। भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अंतर्गत एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित हुआ। प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने विश्व मानवतावादी दिवस पर मानवतावाद शब्द का सम्पूर्ण अर्थ समझाया। कहा कि यह उन लोगो को सम्मानित करने का समय है जो दूसरों की मदद करने के लिए संकट मै आगे आते है, ओर उन लाखों लोगो के साथ खडे होते है जिनका जीवन संकट में है। मानवता, तटस्थता, निष्पक्षता ओर स्वतंत्रता के सिद्धांत मानवीय कार्यों के मूल हैं। मानवता का अर्थ है कि मानवीय पीड़ा जहाँ कहीं भी हो, उसका समाधान किया जाना चाहिए, और सबसे कमज़ोर लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

मानवीय सहायता का मुख्य उद्देश्य जीवन बचाना, पीड़ा कम करना ओर मानवीय गरिमा बनाये रखना है लेकिन आज के परिपेक्ष में मनुष्य जब बहुत ही भौतिकतावादी युग में रह रहा है तब ओर अधिक प्रासंगिक हो गया है मानवतावादी व्यक्ति का होना। इस दौरान प्रकोष्ठ प्रभारी प्रीत नेगी, डॉ प्रीति यादव, डॉ भारती यादव,डॉ भरत तिवारी,डॉ बालेंद्र सिंह, डॉ राजेश कुशवाहा, डॉ पूनम पांडे, डॉ सपना द्विवेदी, आशुतोष सोनी,सत्येंद्र सोनी, कमलेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

### पटवारी संघ ने ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से कराया अवगत

## पोर्टल से तकनीकी खामियाँ दूर नहीं हुई तो 1 सितंबर से उक्त कार्य से रहेंगे विरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



मप्र पटवारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर बहोरीबंद तहसील के पटवारी संघ ने राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव के नाम तहसीलदार बहोरीबंद को ऑनलाइन वेब जीआईएस 2.0 पोर्टल पर कार्य में आ रही कठिनाइयों एवं विसंगति के संपादन से विरत रहने के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा । सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि पूर्व मै 12 अगस्त को मध्य प्रदेश पटवारी संघ जिला कटनी के द्वारा कलेक्टर के माध्यम से प्रमुख सचिव राजस्व विभाग के नाम से उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा जा चुका है लेकिन अभी तक उक्त समस्या का निदान नहीं हुआ है जिस कारण पोर्टल पर पटवारी स्तर से राजस्व न्यायलय द्वारा पारित आदेशों का अमल, खसरा आधार ई- केवायसी सत्यापन, साइबर तहसील नामांतरण व अन्य कार्य नहीं हो पा रहे है जिस कारण मजबूरन बहुतायत संख्या में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत लग रही है। पोर्टल में सुधार न होने से मुख्यमंत्री की घोषणाओं के त्वरित नामांतरण, बटवारा दुरस्ती हो पर अमल नहीं हो पा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप जिले में अधिकारियो द्वारा पटवारियों को सस्पेंड करना, कारण बताओ नोटिस पत्र देना, वेतन रोकना जैसी अनुचित कार्यवाही की जाकर पटवारी संवर्ग को परेशान किया जा रहा है!यदि उक्त समस्याओं का निदान 31 अगस्त तक नहीं किया गया तो मजबूरन प्रदेश के सभी पटवारी 1 सितंबर 2025 से नवीन ऑनलाइन वेबजीआईएस 2.0 पोर्टल पर संपादित होने वाले कार्यों से विरत रहेंगे किंतु अन्य समस्त पदीय/शासकीय कार्य यथावत करते रहेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन- प्रशासन की होगी। पोर्टल में समस्या होने से अन्नदाता भी परेशान हो रहे हैं किसी अन्नदाता के पास मोबाइल नही है कोई अन्नदाता घर पर नही मिलता है, किसी अन्नदाता का मोबाइल नम्बर आधार से लिंक नही होता है ओटीपी की समस्या आने से अन्नदाता के साथ साथ पटवारियों को भी बार बार परेशान होना पड़ता है। इस दौरान तहसील अध्यक्ष नवीन गर्ग, गणेश सिंह ठाकुर, मनोज मौर्य आदि मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को बैग व शिक्षण सामग्री वितरित



बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आरएल चौधरी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श ग्राम आंगनवाड़ी केंद्र-बिछिया सेक्ट-हिरवारा में तेजसिंह केशवाल ( जिला समन्वयक) जन अभियान परिषद् के मुख्य आतिथ्य में एवं बालमुकुंद मिश्रा (ब्लॉक समन्वयक) जन अभियान परिषद् के विशिष्ट आतिथ्य में स बैग एवं शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविंद पटेल, विजय यादव अध्यक्ष (प्रस्फुटन समिति) संगीता बर्मन, शिवकुमार चौधरी, माया सिंह, टोप्पो मैडम सुपरवाइजर ( महिला एवं बाल विकास विभाग) सहित भारी संख्या में ग्रामीणों के साथ आंगनवाड़ी केंद्र में अध्ययनरत बच्चों के परिजनों की उपस्थिति रही, इन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

## फसल उत्पादन की दी गई तकनीकी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशंपायन के मार्ग निर्देशन में ग्राम बिजोरी, बढ़वारा में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में फसल उत्पादन की तकनीक जानकारी दी गई,जिसमें 50 किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ आर पी बैन ,मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, कृषि विभाग कटनी के सहायक संचालक मनीष मिश्रा एवं अन्य कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशंपायन ने सोलर लाइट ट्रिप के बारे में संपूर्ण जानकारी दी और कहां की किसान सोलर लाइट ट्रिप को लेकर के कीट नियंत्रण हेतु अपने खेतों में लगाए ताकि कम से कम रासायनिक दवाइयां का उपयोग किया जा सके और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिले एवं डॉ संजय वैशंपायन ने प्राकृतिक खेती के ऊपर भी विकसित रूप से मार्गदर्शन दिया, केंद्र के वैज्ञानिक डॉ आर पी बैन ने खरीफ फसल उत्पादन एवं प्रबंधन पर किसानों को विस्तृत रूप से जानकारी थी।

सहायक संचालक कृषि मनीष मिश्रा ने भी बिजामृत जीवामृत एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को मार्ग निर्देशन दिया किसानों ने वैज्ञानिकों से खरीफ फसल उत्पादन तकनीकी में आने वाली परेशानियां को अवगत कराया और विभिन्न प्रश्नों का उत्तर जानने के लिए वैज्ञानिकों से प्रश्न किया कार्यक्रम बहुत ही सार्थक रहा वैज्ञानिकों द्वारा लगातार जिले में कृषि के उत्पादन में वृद्धि हेतु एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु संपूर्ण जिले के ग्रामों में समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

### ग्राम भदौरा में बड़वारा पुलिस ने दबिश देकर की कार्यवाही

## दो जुआफड़ों में पुलिस ने दी दबिश, 9 जुआरी गिरफ्तार, 35500 रूपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



जुआफड़ में दबिश देकर बड़वारा पुलिस ने 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआफड़ से पुलिस ने नकदी रूपए भी जब्त किया है। जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भदौरा स्थित वेयरहाउस के पीछे चल रहे जुंआ फड़ पर पुलिस ने दबिश दी। इस दौरान कटनी और जबलपुर से आए नामचीन जुआरियों को पुलिस ने रंगे हाथों जुआ खेलते पकड़ा। पुलिस ने नगद रुपए एवं ताश के पत्ते जप्त करते हुए उनके खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों में कार्यवाही करते हुए जुआरियों को गिरफ्तार किया।

वरिष्ट अधिकारियों के मार्गदर्शन में क्षेत्र में लगातार भ्रमण कराया जा रहा था। गत दिवस सउनि. रामनाथ साकेत हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान ग्राम भदौरा में बेयर हाउस के पीछे झाड़ियों में जुआ फड़ में बैठे कुछ व्यक्तियों को देखा जो मौके पर जाकर देखे तो 05 व्यक्ति तास के पत्तों पर रुपये पैसों का हार जीत का दांव लगाकर खेल खेल रहे थे। मौके पर जुआरियों की तलासी ली गई एवं फड़ की तलासी ली गई जुआरियों से 18600/- रुपये जप्त किये गये।

इसी प्रकार उप निरीक्षक प्रदीप जाटव दौरान भ्रमण के ग्राम भदौरा में बेबर हाउस के पीछे झाड़ियों में जुआ फड़ में बैठे कुछ व्यक्तियों को देखा जो मौके पर जाकर देखे तो 05 व्यक्ति तास के पत्तों पर रुपये पैसों का हार जीत का दांव लगाकर खेल खेल रहे थे। मौके पर जुआरियों की तलासी ली गई एवं फड़ की तलासी ली गई जुआरियों से 16,900/- रुपये जप्त किये गये। दोनो जुआफड़ों से 35,500/- रुपये जप्त कर आरोपीगणों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

दोनो कार्यवाहियों में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, उनि प्रदीप जाटव, सउनि रामनाथ साकेत, सउनि सतेन्द्र सिंह, प्रआर. लालजी यादव, आरक्षक, गौरीशंकर राजपूत की विशेष भूमिका रही।

### स्लीमनाबाद एवं सिलौड़ी में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

## गौरवशाली परंपरा के साथ शांति सद्भाव, हर्षोल्लास के साथ मनाएं त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





आगामी आने वाले गणेशोत्सव पर्व सहित मिलाद-उन-नवी पर्व को आपसी सद्भाव, भाईचारा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने हेतु स्लीमनाबाद थाना मैं शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने सभी से शांति ,सद्भाव ओर उत्साह पूर्वक त्यौहार मनाने की बात कही। साथ ही कहा कि गणेश प्रतिमा समितियों के 5-5 सदस्यों का नाम थाना मैं उपलब्ध कराए।

27 अगस्त से से 5 सितंबर तक आयोजित होने वाले गणेश पर्व के दौरान पंडाल स्थलों के आसपास सहित जुलूस मार्ग की साफ-सफाई, मुख्य मार्गो में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, विसर्जन घाटों ,कृत्रिम कुण्ड सहित प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण करानें के निर्देश दिए।

मुस्लिम समुदाय के पर्व मिलाद-उन-नवी के दौरान जुलूस मार्ग सहित प्रतिवर्षानुसार की जाने वाली समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं को निर्धारित समय पर पूर्ण करानें के निर्देश दिए गए। शांति समिति की बैठक मे नागरिकों से कहा गया कि वे प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित जल कुंड में ही करें। इस दौरान आफत यादव, रानी दुबे, राहुल मिश्रा सहित अन्य लोगो की उपस्थिति रही।

### सिलौड़ी चौकी में हुई बैठक

सिलौंडी चौकी में आगामी गणेश चतुर्थी, दशहरा,ईद पर्व शांति एवम सौहार्द पूर्वक मनाए जाने के उद्देश्य से प्रशासन एवं आमजन तथा जन समुदाय की उपस्थिति में उप थाना परिसर में राजस्व निरीक्षक नीरज झरिया, सिलौंडी चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। सिलौंडी एवम ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी पर्वों के मद्दे नजर सोमवार को सिलौंडी चौकी में आयोजित बैठक में प्रशासनिक अधिकारी और सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय ,कछार गांव बड़ा सरपंच कैलाश चंद्र जैन, अतरसुमा सरपंच सुशील परस्ते,मंडल उपाध्यक्ष अमित राय ,सोनू दुबे ,पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रकाश सिंह बागरी ने उपस्थित गणमान्य जनों, जनप्रतिनिधियों जन समुदाय से रूबरू होते हुए आगामी गणेश चतुर्थी,दशहरा,ईद पर्व को आपसी प्रेम भाव, समन्वय के साथ मनाए जाने का सभी उपस्थित जनों से आह्वान किया। चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल ने कहा कि गणेश पंडालों में साउंड सिस्टम मध्यम आवाज में बजाएं, गणेश पंडालों में अश्लील गाने हरगिज न बजाएं, पंडालों में शांति व्यवस्था बनाकर रखें। पंडाल में लगी विद्युत लाइटों को अनावश्यक न छुएं। गणेश विसर्जन स्थल पर सावधानी व सुरक्षित तरीके से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करें।

## अवैध कॉलोनी निर्माण की शिकायत पर हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर में बिना अनुमति कॉलोनी विकास करनें वालों पर कार्यवाही की गई। सोमवार को प्रातः रामकृष्ण परमहंस वार्ड की सिक कॉलोनी में अवैध कॉलोनी के विकास स्थल का निरीक्षण किया जाकर वहां निर्मित सड़क निर्माण की प्रारंभिक संरचना को ध्वस्त किया गया। वहीं दोपहर को वार्ड क्रमांक 43 महाराणा प्रताप वार्ड में लगभग 2 एकड़ के क्षेत्र में बिना अनुमति के कॉलोनी विकास करनें वाले शुभम साहू एवं लखन साहू के अवैध निर्माण स्थल को हटाने की कार्यवाही की गई।

गठित दल द्वारा आचार्य विनोवा भावे वार्ड स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास पुरूषोत्तम राजेन्द्र वल्स युशली, चंद्रवती धतिया बाई , कल्लू बाई पुत्री संतोषी, सुम्मी, घरमी बाई चैधरी पति शिवदत्त, रमेश, राजकुमार नरोत्तम, सुनीताबाई, संतोषी धनियाबाई, मनयुख भिरखुबाई विशाल पिता सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा भी लगभग दो एकड़ अवैध कॉलोनी का निर्माण पाए जाने पर निगम के गठित दल द्वारा अवैध कॉलोनी में किये गए विकास कार्य एवं सीमा चिन्हों की हटानें की कार्यवाही की जाकर संबंधितों को बिना अनुमति किसी भी प्रकार का विकास कार्य नहीं करनें की सख्त हिदायत दी गई। कार्यवाही के दौरान अश्वनी पाण्डेय, मानेन्द्र सिंह सहित अतिक्रमण दल के कर्मचारियों की मोजूदगी रही।

निगमायुक्त नीलेश दुबे नें बताया कि नगर में अवैध कॉलोनी निर्माण की शिकायतों पर गंभीरता से कार्यवाही की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### आधार ई-केवाईसी नहीं होने पर बंद हो सकता है पेंशन का लाभ

**कटनी।** नगर निगम के योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय नें नगर निगम सीमान्तर्गत समस्त पेंशन हितग्राहियों को सूचित करते हुए कहा है कि ऐसे पेंशन हितग्राही जिन्होंने अब तक समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी नहीं कराई है वे तत्काल एम.पी. ऑनलाइन, नगर निगम जोनल कार्यालय अथवा नगर निगम कार्यालय से संपर्क करते हुए समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नगर निगम की पेंशन शाखा कक्ष क्रमांक 42 में संपर्क किया जा सकता है। योजना प्रभारी नें जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मंत्रालय द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को पृथक करने हेतु समस्त हितग्राहियों की ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। ऐसी स्थिति में शासन द्वारा समस्त हितग्राहियों 31 अगस्त 2025 के पूर्व ई-केवाईसी कराने हेतु सूचित करने का निर्णय लिया गया है। आधार ई-केवाईसी नहीं कराए जाने की वजह से किसी भी पेंशन हितग्राही की पेंशन बंद (होल्ड) होने पर इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी स्वयं हितग्राही की होगी।

### पर्वो में मांसाहारी पदार्थो का क्रय- विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

**कटनी।** गणेश चतुर्थी, पर्युषण पर्व का प्रथम दिवस,डोल ग्यारस एवं अनंत चतुर्दशी, पर्युषण पर्व के अंतिम दिवस के विशिष्ट अवसर पर बुधवार 27 अगस्त, बुधवार 3 सितंबर एवं शनिवार 6 सितंबर को निगम सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त पशु वध ग्रह एवं चिकन, मांस मटन एवं मछली विक्रय की दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान होटल बंद रखने के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री नीलेश दुबे के द्वारा निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को प्रदान किए गए हैं। आयुक्त के निर्देशों के पालन में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के समस्त चिकन मटन व्यापारियों को सूचना पत्र जारी किये जाकर 27 अगस्त, 3 सितंबर एवं 6 सितंबर को चिकन मटन के प्रतिष्ठान और होटल बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं तथा उन्हें आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। निर्देशों का पालन नहीं करने की दशा में नगर निगम द्वारा नगर पालिका निगम एक्ट 1956 की धारा 254 की उप धारा (1) में उल्लेखित नियमों के अंतर्गत कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी।

### घुमंतु मवेशियों को पकड़ भेजा गया कांजी हाउस

**कटनी।** सार्वजनिक मार्गो के घुमंतू मवेशियों के विचरण पर रोक लगाकर नागरिकों को सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम की हांका गेंग द्वारा अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। अभियान के सार्थक परिणाम हेतु निगमायुक्त के निर्देश पर नगर में क्षेत्रवार अस्थाई गौशाला केन्द्रों की स्थापना की जाकर क्षेत्रीय मवेशियों को स्थानीय अस्थाई गौशाला केंद्र में भेजने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। चलाकर सार्वजनिक मार्ग में आवारा विचरण करने वाले मवेशियों को काउ कैचर वाहन के माध्यम से कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। सोमवार प्रातः सिविल लाईन गणेश चौक, व्ही आई पी मार्ग में अभियान चलाया जाकर आवारा मवेशियों को काउ कैचर वाहन के माध्यम से कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई।

### गणेश पंडालों के आस-पास विशेष सफाई अभियान

**कटनी।** नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के हेतु रोजाना की जाने वाली सफाई व्यवस्था के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान चिकित्सालय परिसर में कचरे एवं अपशिष्ट के उठाव का कार्य सहित चूनें की लाईनिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। निगमायुक्त के निर्देश पर नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कल से प्रारंभ होनें वाले गणेश उत्सव के दौरान बाजार क्षेत्रों सहित नगर की गणेश प्रतिमा दुकानों के अलावा गणेश पंडाल स्थल सिविल लाईन गणेश चौक सहित अन्य गणेश पंडालों के आसपास विशेष सफाई कराई गई।

---

### निवार चौकी पुलिस ने की कार्यवाही, 7 बंडल तार, ई रिक्शा एवं बाइक किया जब्त

# बिजली तार चोरी करने वाले 5 बदमाश को किया गिरफ्तार, 6.50 लाख रूपए की सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




विद्युत पोलों में खीची गई एल्युमीनियम तार को चोरी करने वाले गिरोह के 5 आरोपितों को माधवनगर की निवार चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरो के पास से पुलिस ने 7 बंडल 33 केबी एल्युमीनियम बिजली के तार एवं चोरी मे प्रयुक्त एक ई रिक्शा आटो सहित एक मोटर सायकिल भी बरामद किया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में की गई है।

### खंबा काटकर चोरी कर ले गए 33 केव्ही की तार

पुलिस के अनुसार 23 अगस्त 25 को एलटेल पावर लिमिटेड सतना की कंपनी मे प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर पदस्थ व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई की मेरी कंपनी व्दारा लघु औधोगिक निगम टिकरिया मे नई बिजली की लाईन 33KB की खम्बा एवं तार खींचने का ठेका लिया गया था। जिसका कार्य माह जून 2025 से ग्राम टिकरिया से तिहारी तक के लिये कराया जा रहा था।

ग्राम निवार मुरली मंदिर से संसारपुर तक के लिये खम्बा एवं नई बिजली 33KB की लाईन खींची गई थी। इसी बीच 4 अगस्त 25 को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने कंपनी के सभी लोग काम बंद कर अपने अपने घर चले गये थे। गत 23 अगस्त 25 को पुनः सुबह 10 बजे काम करने के लिये आपस आये तो देखे खम्बे मे खीचीं गई 33KB बिजली एल्युमीनियम तार बिजली के खम्बो से काटकर कोई अज्ञात व्यक्तियो के व्दारा ग्राम निवार मुरली मंदिर से ग्राम देवरीसानी तक करीबन 1.5 कि.मी.की खींची गई बिजली की तार चोरी कर ली गई है। शिकायत मिलने के बाद मुखबिर से अज्ञात चोरो के सबंध मे सूचना प्राप्त हुयी।

चौकी निवार पुलिस व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर व्दारा बताये संदेही बराती कोल पिता स्व वीरन कोल उम्र 35 वर्ष नि बजरंग मोहल्ला पौनिया थाना स्लीमनाबाद कटनी, शिवदयाल पटेल पिता रामप्रसाद पटेल उम्र 25 वर्ष नि बगिया मोहल्ला पडरभटा थाना स्लीमानाबाद कटनी, सचिन बैरागी पिता राजेश कुमार बैरागी उम्र 21 वर्ष निवासी शनि मोहल्ला पडरभटा थाना स्लीमानाबाद कटनी, रामसुजान बर्मन पिता जगदीश प्रसाद बर्मन उम्र 38 वर्ष निवासी बजरंग मोहल्ला देवरीसानी चौकी निवार थाना माधवनगर कटनी, प्रथम कोल पिता मनसुख कोल उम्र 23 वर्ष निवासी शारदा मोहल्ला पौनिया थाना स्लीमनाबाद कटनी से पृथक पृथक पूछताछ की गई।

### ये सामग्री की गई बरामद

आरोपीगणो से 7 बंडल 33 K.B. एल्युमीनियम बिजली के तार एवं चोरी मे प्रयुक्त एक ई रिक्शा आटो, एक मोटर सायकिल कुल कीमती 6 लाख 50 हजार रू.की बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

कार्यवाही में चौकी प्रभारी उनि नेहा मौर्य, सउनि रमाकान्त दुबे, सउनि कमलेश्वर शुक्ला, प्र.आर. अखिलेश दीक्षित, प्र.आर मनीष कुमार, प्र.आर देवेश कुमार, प्र.आर. गौरव सेन, आर. अरविन्द कुशवाहा, आर. वकील यादव की विशेष भूमिका रही।

---



# डुप्लीकेट समग्र आईडी को पोर्टल से किया जा रहा पृथक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन निर्देशानुसार एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर के समस्त नागरिकों का समग्र पोर्टल पर समग्र आधार ई-केवाईसी का कार्य अभियान स्वरूप किया जा रहा है। अभियान के तहत सर्वे दल में नियुक्त वार्ड दरोगा एवं टैक्स कलेक्टरों द्वारा डोर टू डोर पहुंचकर नागरिकों की समग्र आई.डी का आधार से लिंक होनें की जांच की जांच की जाकर छूटे हुए नागरिकों की समग्र आईडी बनाई जाकर अन्य किसी तरह की डुप्लीकेट आई.डी पाए जाने पर उसको डिलीट करने तथा स्थल परिवर्तन आदि की जानकारी को भी अद्यतन किया जा रहा है। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नागरिकों से अपील की है कि वे सर्वे दल को सही एवं स्पष्ट जानकारी प्रदान कर निगम प्रशासन द्वारा किये जा रहे इस कार्य में सहयोग प्रदान करें। अन्यथा की स्थिति में गलत जानकारी देने पर डुप्लीकेट समग्र आई.डी डिलीट करने की कार्यवाही की जायेगी जिसकी समस्त जवाबदारी संबंधित जानकारी प्रदाता की ही होगी। उल्लेखनीय है कि शासन निर्देशानुसार आगामी माह में शासन द्वारा केवल आधार लिंक्ड समग्र आई डी को ही आधार इनेबल्ड पेमेंट के माध्यम से शासकीय योजनाओं का हितलाभ वितरण किया जाना प्रस्तावित किया गया है। अतः जिन नागरिकों द्वारा अभी तक अपना समग्र आधार ई केवाईसी नहीं करवाया है, वे अतिशीघ्र सर्वे दल के माध्यम से समग्र से आधार की ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें।

---

*बड़वारा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन*

# आगामी पर्वों को लेकर हुई बैठक में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाएं रखने दी गई समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा




बड़वारा थाना में आगामी गणेश चतुर्थी, दशहरा,ईद पर्व शांति एवम सौहार्द पूर्वक मनाए जाने के उद्देश्य से प्रशासन एवं आमजन तथा जन समुदाय की उपस्थिति में बड़वारा थाना परिसर में बड़वारा तहसीलदार रिषि गौतम, बड़वारा थाना प्रभारी के के पटेल की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बड़वारा एवम ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी पर्वो के मद्देनजर सोमवार को बड़वारा थाना परिसर में आयोजित बैठक में बड़वारा तहसीलदार रिषि गौतम ने उपस्थित गणमान्य जनों,जनप्रतिनिधियों जन समुदाय से रूबरू होते हुए आगामी गणेश चतुर्थी, दशहरा,ईद पर्व को आपसी प्रेम भाव, समन्वय के साथ मनाए जाने का सभी उपस्थित जनों से आह्वान किया। तहसीलदार श्री गौतम ने कहा कि गणेश पंडालों में साउंड सिस्टम मध्यम आवाज में बजाएं, गणेश पंडालों में अश्लील गाने हरगिज न बजाएं, पंडालों में शांति व्यवस्था बनाकर रखें। पंडाल में लगी विद्युत लाइटों को अनावश्यक न छुएं। गणेश विसर्जन स्थल पर सावधानी व सुरक्षित तरीके से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करें।

थाना प्रभारी के के पटेल ने कहा सभी पर्व त्योहार प्रेम,अपनत्व व एकता के साथ मनाइए।किसी से भी विवाद नही करें।सभी पर्व उत्साह व उल्लास से कानून के दायरे में रहकर मनाएं। पुलिस आपके सहयोग व सहायता करने के लिए ततपरता पूर्वक कार्य करती है। जनपद सदस्य सुनील सिंह ने कहा बड़वारा व क्षेत्र में अमूमन शांति ही रहती है सभी लोग मिलजुलकर सभी त्योहारों को मनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारी व ओवर लोड वाहनों को ग्राम के भीतर से निकालने वाले वाहन चालकों पर प्रशासन कार्रवाई करे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने से रोका जा सके।

सरपंच प्रतिनिधि ओमकार सिंह(खली) ने कहा कि अष्टविनायक समिति में विराजे गजानन पंडाल में रोजाना महाआरती की जाएगी जिसके लिए शांति बनाए रखने व ट्रकों के आवागमन को रोकने हेतु पुलिस उपलब्ध करवाई जाए जिस पर थाना प्रभारी के के पटेल द्वारा पुलिस की व्यवस्था करवाये जाने का आश्वासन दिया गया।

बैठक में बड़वारा तहसीलदार रिषि गौतम,थाना प्रभारी बड़वारा के के पटेल, जनपद सदस्य सुनील सिंह, कांग्रेस नेता एन डी तिवारी, संजू जायसवाल,बड़वारा सरपंच प्रतिनिधि ओमकार सिंह, मझगवां

---

## राजयोगिनी दादी की पुण्य स्मृति पर अर्पित की गई पुष्पांजलि



सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सोमवार को संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18 वीं पुण्य स्मृति दिवस पर बी के दुर्गा बहन ने दादी के तैल्य चित्र समक्ष भोग अर्पित कर सभी भाई बहनों द्वारा दादी जी को मौन पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे याद किया । बीके दुर्गा बहन ने बताया कि संस्था के संस्थापक दादा लेखराज ब्रह्मा बाबा के देह त्यागने के पश्चात दादी प्रकाशमणि जी ने मुख्य प्रशासिका के उत्तरदायित्व को संभाला और अंतिम क्षणों तक पूर्ण समर्पित भाव से निरंतर 38 वर्ष निर्विघ्न रूप से संस्था का कुशल संचालन किया। ही विश्व की पांच महाद्वीपों में जाकर भारत की सनातन संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने का कार्य किया उन्होंने हर मानव में विश्व बंधुत्व की भावना को जागृत किया था इसलिए उनकी स्मृति दिवस को संस्थान विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मना रही है। दादीजी की पुण्य स्मृति दिवस पर भारत में हो रहे रक्तदान अभियान के तहत इस संस्थान के सदस्य और स्थानीय नागरिकों ने 30 यूनिट का जो रक्तदान किया है वह सहयोग की भावनाओं को मजबूत करने का कार्य किया है

---

# जिले में पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोले जाने के लिए विदेश मंत्रालय को पुनः लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन ने भारत सरकार के विदेश मंत्रालय को पुनः पत्र लिखकर पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोलने की नीति में बदलाव कर अविलंब कटनी में पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोले जाने की मांग की है।

विदित है कि मिथलेश जैन द्वारा कटनी में पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोलने की मांग कर भारत सरकार को यह अवगत कराया गया कि कटनी जिला पूरे भारत का भौगोलिक केन्द्र बिन्दू है, जहाँ रेल्वे का जंक्शन है, जिससे पॉचों दिशाओं में ट्रेने आती-जाती हैं तथा आस-पास के अनेकों जिलों में पासपोर्ट कार्यालय नहीं हैं जिससे कटनी एवं आसपास के जिलों के नागरिकों को अन्य जिलों में जाकर पासपोर्ट बनवाना पड़ता है। कटनी में अतिशीघ्र पासपोर्ट कार्यालय खोले जाने की मांग की गई इस पत्र का कोई जवाब न आने पर मिथलेश जैन, एडवोकेट ने सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपने पत्र पर की गई कार्यवाही की जानकारी मांगी थी जिसकें सबंध में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के डिवीजन के अंडर सेकेट्री एवं केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी मनीष सिंह के द्वारा पत्र दिनांक 06-08-2025 के माध्यम से यह जानकारी प्रेषित की गई है कि भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा डाक विभाग से सहयोग से वर्ष 2017 में पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोलने की योजना बनाई गई । इस योजना के अनुसार खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छतरपुर में केन्द्र खेला जा चुका है और कटनी जिला उक्त खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है और इस प्रकार भारत सरकार द्वारा कटनी में पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोले जाने हेतु कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है ।

भाजपा सांसद विष्णुदत्त शर्मा के लोकसक्षा क्षेत्र के अंतर्गत छतरपुर भी आता है और उनकी जानकारी छतरपुर में पासपोर्ट सेवा केन्द्र खुलवा दिया गया है परन्तु कटनी जिले को इस सेवा को दिलाये जाने से वंचित कर दिया गया है । केन्द्र शासन के जवाब से यह स्पष्ट है कि कटनी जिले में पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोलने की कोई योजना नहीं है जो कि कटनी के साथ भेदभाव करने का परिचायक है। पत्र में उन्होंने मांग की है कि यदि आवश्यक हो तो नीति में परिवर्तन कर कटनी में अविलंब पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोला जावे।

---

*श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में निगम प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई*

# अवैध कॉलोनी में निर्मित सड़क को जेसीबी के माध्यम से किया गया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में अवैध निर्माण कार्यों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के ओल्ड सिक लाइन में पीर मोहम्मद पिता युनुस मोहम्मद यूनुस वल्द हाजी मोहम्मद इसहार,श्रीमती परीनवि जोजे हाजी मोहम्मद, मोहम्मद रोशन वल्द हाजी मोहम्मद इसहाफ़ श्रीमती जाहिदा बी जोजे मोहम्मद रोशन वल्द हाजी मोहम्मद इसहाम के द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए निगमायुक्त नीलेश दुबे ने अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त श्री दुबे के निर्देश पर निगम के निर्माण शाखा के अधिकारियों एवं अतिक्रमण विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बिना अनुमति स्थल पर सड़क निर्माण हेतु प्राथमिक संरचनाओं को जेसीबी वाहन से ध्वस्त करते हुए आगे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि न करने की सख्त चेतावनी स्थल पर मौजूद निर्माणकर्ताओं को दी गई।

इस कार्यवाही के दौरान क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा सहित, उपयंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह,अश्वनी पांडे, शैलेन्द्र प्यासी, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित अतिक्रमण दल एवं पुलिस बल की मौजूदगी रही।

निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि नगर में अवैध कॉलोनियों का निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियम विरुद्ध कॉलोनी विकसित करने वाले व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। नागरिक भूखण्ड क्रय करने से पूर्व संबंधित भूमि के वैध दस्तावेज एवं कॉलोनी की स्वीकृति अवश्य जांच लें। नगर की सुव्यवस्थित योजना और विकास के लिए अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाना आवश्यक है। नागरिकों को भी चाहिए कि वे नियमों का पालन करते हुए ही निर्माण कार्य कराएँ।

---

### मेंटीनेंस कार्य की खुल रही कलई, प्रतिदिन की समस्या

# बिजली ट्रिपिंग व अघोषित कटौती से लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



वर्षा काल का समय चल रहा है क्षेत्र मे हो रही अघोषित कटोती से विद्युत विभाग के मेंटेनस कार्य की कलई खुलकर सामने आ गईं। वर्षा काल के दौर पर जहां बिजली की नितांत आवश्यकता है। वही बिजली की अघोषित कटौती से जीवन दूभर हो रहा है। बहोरीबंद विकासखण्ड मैं तेज आंधी और बारिश होने पर अधिकांश हिस्सों में अंधकार होना आम बात है लेकिन सामान्यत बिजली की कटोती करने से जीवन दूभर हो रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह बिजली कंपनी का मिस मैनेजमेंट है। बारिश से पूर्व कंपनी के द्वारा मेंटेनेंस का कार्य किया गया ताकि बारिश में बिजली गुल होने की नौबत न आएं। वर्तमान मे रोजाना बिजली गुल होने की शिकायतें सामने आ रही है। विकासखण्ड के तिंगवा,खरगवां, देवरी, बाकल, चाँदनखेडा, मसन्धा, पाकर मोहनिया नीम, ककरेहटा, हथियागढ़, अमरगढ़, कूड़ा सहित अन्य ग्रामो में प्रतिदिन समस्या सामने आ रही है।

सोमवार को स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे शाम के बिजली की कई घंटे कटोती की गईं। बिजली कंपनी की हेल्पलाइन 1912 या फिर ऊर्जस ऐप पर शिकायत के बावजूद बिजली गुल होने की सही वजह पता नहीं चल पाती है।

विकासखण्ड में बिजली आपूर्ति के लिए करीब दर्जनों फीडर है। इनके मेंटेनेंस के लिए हर जोन स्तर पर टीम गठित की गई। इन टीमों की जिम्मेदारी बारिश से पहले तारों व खंबों के आस-पास के पेड़ों की टहनियां छांटने, लाइन दुरुस्त करना, बिजली के खंबो को ठीक करना, खुली डीपी आदि की मरम्मत है। मगर क्षेत्र में कई जगहों पर डीपी खुली है। पेड़ों की शाखाएं बिजली के तारों को छू रही है। डीपी खुली है। फिर यह कैसा मेंटेनेंस हो रहा है। कई इलाकों में फॉल्ट की शिकायतें मिलती है। घरेलू व कृषि ट्रांसफार्मर खराब पड़े है जिनका सुधारकार्य नही कराया जा रहा। बिजली की कटौती सुबह शाम की जाए तो चल जाये लेकिन दोपहर व रात्रि मैं कटौती से जन जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। रात्रि के समय कटौती से के समय जहरीले जीव जंतुओं का डर लगा रहता है।कितने समय बिजली कटौती होगी,कितने समय आएगी इसका समय निश्चित नही रहता।बिजली कटौती के संबंध मे जानकारी जब विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को फोन लगाया जाता है तो फोन तक रिसीव नही किया जाता। एक ओर बिजली कंपनी बिजली बिल भरने से लेकर पंचनामे तक की कार्रवाई ऑनलाइन कर रही है दूसरी ओर, मेंटेनेंस के लिए बिजली बंद होने की जानकारी ही उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रही है।

विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अघोषित कटौती नही की जाती है।जब कोई फाल्ट की समस्या आती है तभी कटौती की जाती है। मेंटेनेंस की प्रक्रिया हमेशा चलती रहती है।

---

# पोर्टल पर हो रही समस्याएं, पटवारी संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



मप्र पटवारी संघ तहसील इकाई बड़वारा की ओर से प्रमुख सचिव राजस्व मप्र शासन को तहसीलदार बड़वारा के माध्यम से ऑनलाइन वेब GIS 2.0 पोर्टल पर कार्य में आ रही कठिनाइयों एवं विसंगति के संपादन से विरत रहने के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा गया। जिसके सम्बन्ध में पूर्व में 12/08/2025 को पटवारी संघ द्वारा जिला कार्यालय कटनी में ADM अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रमुख सचिव राजस्व विभाग के नाम से उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा जा चुका है। चूंकि पटवारी पद शासन और कृषक के बीच की कड़ी है शासन द्वारा समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर पटवारी द्वारा ही किया जाता है जिसमें पटवारी का किसान से सीधे सम्पर्क होता है इस कारण हर प्रकार की तकनीकी समस्या का दोषी पटवारी न होते हुए भी किसानों एवं अधिकारियों के समक्ष दोषी प्रतीत होता है जिसमें आज दिनांक तक कोई भी सुधार उक्त पोर्टल पर नहीं किया गया है न ही शासन द्वारा कोई पहल की गई इससे व्यथित होकर आज पुनः ज्ञापन दिया गया यदि समय रहते उक्त समस्याओं का निदान नहीं किया गया तो मजबूरन प्रदेश के सभी पटवारी दिनांक 01/09/2025 से नवीन ऑनलाइन वेब GIS 2.0 पोर्टल पर संपादित होने वाले कार्यों से विरत रहेंगे किंतु अन्य समस्त पदीय/शासकीय कार्य यथावत करते रहेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

पोर्टल में समस्या होने से अन्नदाता भी परेशान हो रहे हैं किसी अन्नदाता के पास मोबाइल नही है कोई अन्नदाता घर पर नही मिलता है, किसी अन्नदाता का मोबाइल नम्बर आधार से लिंक नही होता है ओटीपी की समस्या आने से अन्नदाता के साथ साथ पटवारियों को भी बार बार परेशान होना पड़ता है।

इस दौरान तहसील अध्यक्ष शुभ्रलता सोनी, उपाध्यक्ष लालमन कोल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रतिभा मिश्रा, सचिव राजेश्वर नौलसिया, दीपमाला यादव,मोहित ताम्रकार, संजय जैन, निशाद बेगम, मोहन सिंह, मुख्तयार अहमद, भंवर सिंह धाकड़, पलक कंथारिया एवं अन्य पटवारी गण मौके पर उपस्थित रहे।

## जिले में अभी तक 35.8 इंच वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 911.1 मि.मी. अर्थात 35.8 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 113.0 मि.मी. अर्थात 4.4 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 798.1 मि.मी. अर्थात 31.4 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा दमोह में 1091.0 मि.मी. दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 7.6 मि.मी. अर्थात 0.2 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 1.0 मि.मी., हटा में 6.4 मि.मी., जबेरा में 17.0 मि.मी., बटियागढ़ 8.0 मि.मी. तथा पटेरा में 21.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### तहसील कार्यालय में लटकता रहता है ताला

# लाखों की लागत से निर्मित उप-तहसील कार्यालय बनी शोपीस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद**

सरकार द्वारा आम जनता की सुविधा एवं किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर गांव गांव में सरकारी बिल्डिंग तो बना दी गई लेकिन उन बिल्डिंगों का उपयोग भी हो रहा है, या नहीं? यह देखने सुनने की फुर्सत शासन प्रशासन को नहीं है। ऐसा ही एक मामला ग्राम गैसाबाद में पन्ना रोड पुल के पास बनी नवनिर्मित तहसील कार्यालय का देखा गया जहां पर तहसील कार्यालय बने हुए करीबन तीन-चार वर्ष का समय हो गया। लेकिन इस कार्यालय में शायद ही किसी दिन कोई राजस्व विभाग के कर्मचारी बैठे हो। हां 15 अगस्त और 26 जनवरी पर जरूर पटवारी कार्यालय पर दिखाई देते हैं बाकी के समय तहसील कार्यालय में ताला लटकता रहता है।



किसान बताते हैं की ग्राम गैसाबाद में पदस्थ रहे कुछ पटवारी तो अपने सपोर्टर को बाजार में दुकान खुलवाकर बैठा देते हैं जो राजस्व से संबंधित छोटे-मोटे कार्य करता रहता है। इसके बदले में किसानों से अच्छी खासी सेवा शुल्क भी वसूली जाती है। यह किसानों का कहना है ,ग्रामीण जनों ने हरिभूमि को बताया कि हमारे गांव में जब तहसील कार्यालय खुला था तो हमें बहुत खुशी हुई थी कि अब हम लोगों के काम गांव में ही होने लगेंगे अब हमें हटा नहीं जाना पड़ेगा, लेकिन लोगों का यह अरमान भी पूरा नहीं हो सका। आज भी लोगों को यदि राजस्व विभाग से संबंधित कोई काम पड़ता है तो उन्हें ग्राम से 30 किलोमीटर दूर हटा मुख्यालय जाना पड़ता है। तब कहीं जाकर उनका काम हो पता है, किसान बताते हैं कि कभी-कभी तो हम लोग पटवारी को हटा में खोजते खोजते परेशान हो जाते हैं लेकिन पटवारी से मुलाकात नहीं हो पाती है। ग्राम के पटवारी बदलते रहे नायब तहसीलदार बदलते रहे लेकिन ग्राम गैसाबाद की उपतहसील कार्यालय के दिन नहीं बदले आज भी उपतहसील कार्यालय कर्मचारियों की बाट देख रहा है कि कब कार्यालय में कर्मचारी बैठेंगे। गौरतलब है कि ग्राम की उप तहसील कार्यालय से ग्रामीण क्षेत्र के करीबन 50 गांव जुड़े हुए हैं जिनका काम तहसील से पड़ता है लेकिन कर्मचारी नहीं बैठने के कारण लोगों को हटा जाना पड़ता है। जिससे किसानों की समय और पैसा दोनों चीजों की बर्बादी हो रही है। इस विषय पर उच्च अधिकारियों से बात की जाती है तो उनका कहना होता है कि ब्लॉक में कर्मचारियों की कमी होने के कारण व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं चल पा रही हैं। ग्राम बलैह के किसानों ने हरिभूमि को बताया कि हमारे गांव बलैह हल्का में पदस्थ पटवारी तो कभी कभार ही गांव में आते हैं। बाकी के समय हटा शहर में बैठकर कार्य निपटाते रहते हैं पटवारी के मुख्यालय पर नहीं रहने से किसानों को भारी असुविधा हो रही है।

ग्रामीण क्षेत्र के किसानों ने एवं कांग्रेस के ब्लॉक महामंत्री परम उपाध्याय ने शासन और प्रशासन से ग्राम के उप तहसील कार्यालय में नियमित रूप से पटवारी आर आई एवं अन्य कर्मचारियों के बैठने के लिए आदेशित किये जाने की मांग की।

## अखंड राम नाम संकीर्तन किया गया



**हिनौताकलां।** ग्राम के प्रसिद्ध दक्षिण मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर पर 24 घंटे का अखंड राम नाम कीर्तन ग्राम के सनातनी भक्तों के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें प्रभु से क्षेत्र में शांति की कामना की। किसानों की उत्तम फसल प्राप्त हो इस हितार्थ अखंड राम नाम संकीर्तन किया गया। आयोजन का जल बिहार के साथ समापन किया गया जिसमें पंडित जगदीश दुबे, खिलान सिंह राजपूत, वीर सिंह, मासाब राजुल गुप्ता, हरेंद्र गुप्ता, उमेश तिवारी, पूरनलाल पटेल, शोभाराम चौरसिया आदि भक्त प्रेमी सज्जनों ने सहभागिता निभाई।

## 27 को विराजेंगे विघ्नहर्ता श्रीगणेश, सजे पंडाल



**हटा।** गणेश चतुर्थी का पर्व इस वर्ष 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मनाया जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार भादो शुक्ल चतुर्थी 26 अगस्त को दोपहर 1.54 बजे 27 अगस्त को दोपहर 3.44 बजे तक रहेगी। उदिया तिथि के चलते गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को मनाई जाएगी और इसी दिन गणपति जी की स्थापना होगी। भगवान गणेश की स्थापना के नगर में जगह जगह पंडाल बनाना शुरू हो गए हैं। शहर में कई स्थानों पर झांकियों में गणेश जी की स्थापना की जाती है। घरों में स्थापित की जाने वालीं भगवान श्री गणेश की सुसज्जित प्रतिमाएं नगर की मूर्ति करो एवं अन्य दुकानदारों की दुकानों पर मौजूद हैं। नगर में सार्वजनिक स्थानों पर गणेश उत्सव समितियों द्वारा विशेष साज-सज्जा की जा रही है। वहीं घर-घर में उत्सव मनाने के लिए श्रद्धालु भी तैयारी में जुट गए हैं। गणेशोत्सव को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## अहिरवाल समाज ने मृत्यु भोज किया बंद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा**

ब्लाक के अहिरवार समाज में एक नई क्राति का भुभारंभ हुआ है। समाज के माते मुखियाओ ने मृत्यु भोज समाप्त करने बंद किए जाने का निर्णय लिया है। साथ ही मृत्यु भोज एक विषम कुरीति बताया है। जिसकी ग्राम जामुनखेड़ा से बदलाव की लहर शुरूआत हुई है। ज्ञात हो कि ग्राम में प्रीतम अहिरवार की धर्मपत्नी का देवलोक गमन हो गया था जिन्होंने समाज के पंच दीवान माते मुखियों की सलाह से 13 वीं की जगह पर 5 दिन में श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध संत रविदास महाराज जी परम पूज्य डॉ भीमराव अंबेडकर साहब एवं स्वर्गीय मुन्नी बाई अहिरवार के छाया चित्रों पर माल्याअर्पण कर संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास महाराज जी की आरती अरदास कर सभी समाज के लोगों ने श्रद्धा के सुमन अर्पित किए एवं 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। अहिरवार समाज में एक नई क्रांति का शुभारंभ हुआ एवं बदलाव की लहर समाज में फैल रही है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी ने समाज के सुधार हेतु अपने-अपने विचार रखे डॉ जेपी अहिरवार ने अपने विचार रखते हुए कहां की मृत्यु भोज एक विषम कुरीति है जिस पर हम सबको मिलकर प्रतिबंध लगाना चाहिए तभी हमारे समाज में एक नई क्रांति जागेगी। सभा में रविदास या धर्म संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष तीरथ प्रसाद अहिरवार, प्रदीप अहिरवार, संतोष, खुशीराम, कारी, सुरेश, मुकेश, बारेलाल, रवि, शंकर अहिरवार, रामदास दीवान, रज्जू माते, हल्ले भाई दीवान, संतोष सभापति, रतन दीवान, मालखू अहिरवार, सुंदर नेता, गणेश प्रसाद शिक्षक, परमलाल शिक्षक, मनमोहन शिक्षक, मानक लाल शिक्षक, सहित समाज के सैकड़ो की संख्या में लोगो की मोजूदी रही।

## शिविर में हाईरिस्क वाली 47 महिलाएं मिली



**पटेरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य पटेरा में शासन की जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के आठिया एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर आर बागरी के आदेश अनुसार के आदेश अनुसार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तर से डॉक्टर मिताली हैरिसन महिला रोग विशेषज्ञ द्वारा शिविर के दौरान जांचे की गई। जिसमें संभावित खतरे वाली 57 गर्भवती महिला दर्ज की गई। जिन में से 47 महिलाएं हाई रिस्क वाली पाई गई। जाँच उपरांत दो गर्भवती महिलाओं को अति गंभीर चिन्हित किया गया जिन्हे रक्त की आवश्यकता है। जिन्हे दिनांक 26अगस्त 2025 दिन मंगलवार को विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन सी. एच. सी.पटेरा में किया गया है। जहां पर दो गर्भवती महिलाओं के लिए(B.T.)रक्त चढ़ाया जायेगा। रक्त दान शिविर का प्रचार प्रसार माइकिंग एवं मीडिया के द्वारा कराया गया है। अंतर विभागीय समन्वयव स्थापित किया गया है जो भी व्यक्ति सुरक्षा से रक्तदान देना चाहे वह सभी आमंत्रित हैं। ब्लॉक स्तर पर आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में दी जा रहीं सेवाओं के निरीक्षण हेतु जिला स्तर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आरके अठिया एवं डी एच ओ डॉक्टर रीता चटर्जी व डीसीएम ऋषि राज द्वारा शिविर का निरिक्षण किया गया कार्य के प्रति संतुष्टी व्यक्त की गई एवं उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए निर्देशित किया गया कि ब्लॉक के अंतर्गत कोई भी गर्भवती महिला बिना जाँच के नहीं छूटना नहीं चाहिए एवं उसका उचित इलाज समय पर कर सेवाएं प्रदान की जाएं।

## हरिजन बस्ती पहुंचकर वार्डवासियों से मुलाकात की

**दमोह।** नवनिर्वाचित जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने हरिजन बस्ती पहुंचकर चैनपुरा बजरिया वार्ड नं 5 पहुंचकर वार्डवासियों से मुलाकात की तत्पश्चात वार्ड पार्षद हेमराज के यहॉ आयोजित बैठक को संबोधित कर उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मुंशानुसार कुछ दलित जो किसी कारणवश हमसे रूठ गये है। उनका उदेश्य पुनः कांग्रेस पार्टी से जोडना है। संजय चौरसिया, परम यादव, नितिन मिश्रा, बसंत कुशवाहा, डां हरीलाल अजय जाटव, गुल्लन पठान, मुकेश रोहिताश, डिम्पल सेन ने भी वार्ड भ्रमण कर कई घरो के व्यक्तियों महिलाओं से मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी से जुडने की अपील की। इस अवसर पर तुलाराम, बिहारीलाल मोनू रैकवार, बैजनाथ परषोत्तम, मुन्ना सोनी, गुडडा राय, गोलू शिवम, बाल्मीकि सुन्दरलाल अहिरवार सहित अनेको वार्ड वासियो की उपस्थिति रही।

## आधार अब विद्यालय के द्वार केम्प में शाला में अध्ययनरत छात्रों को भेजा जाये ताकि

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत 15-17 वर्ष की आयु के छात्र-छात्राओं के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक संशोधन एवं नवीन आधार कार्ड हेतु विद्यालयों में 21 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक विकासखंड बटियागढ में हा.से.स्कूल फुटेराकलां, हटा में एमएलवी स्कूल हटा एवं उत्कृष्ट विद्यालय हटा, पथरिया में उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया एवं जबेरा में उत्कृष्ट विद्यालय जबेरा में कैंप लगाये जायेंगे । कलेक्टर श्री कोचर ने शाला प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि ₹आधार अब विद्यालय के द्वार₹ केम्प में शाला में अध्ययनरत छात्रों को भेजा जाये ताकि निर्धारित समयावधि में अधिक से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें । जिला शिक्षा केन्द्र के समन्वयक श्री द्विवेदी ने बताया आधार कैम्पों के आयोजन के संबंध में संबंधित बीआरसी के द्वारा संचालित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्राचार्यों को सूचित किया गया है , छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावक की उपस्थिति अनिवार्य की गई है, ताकि अभिभावक के अनिवार्य आधार बायोमेट्रिक संशोधन हेतु दोनों के आधार नंबर प्राप्त किये जा सके। अनिवार्य बायोमेट्रिक MB-1 में 5-7 आयु वर्ग के विद्यार्थियों एवं अनिवार्य बायोमेट्रिक MB-2 में 15-17 आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संशोधन निःशुल्क है। परन्तु इसके अलावा जो भी संशोधन कार्य होगें, उसके लिए शासन के नियमों के आधीन कार्यवाही की जायेगी। आधार केम्पों का आयोजन प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे तक किया जा रहा है ।

## रबी 2025 उर्वरकों के अग्रिम भंडारण एवं वितरण हेतु बैठक संपन्न

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में रबी 2025 उर्वरकों के अग्रिम भंडारण एवं वितरण हेतु सेवा सहकारी समितियों की बैठक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सभी समितियों को रबी 2025 हेतु उर्वरक के अग्रिम उठाव एवं किसानों को वितरण 15 सितंबर तक किए जाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि जी.एल. अहिरवार, सहायक संचालक कृषि जे.एल.प्रजापति, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक संजय हजारी, जिला विपणन अधिकारी इन्द्रपाल सिंह राजपूत एवं सभी समितियों के समिति प्रबंधक उपस्थित रहे।

## जबलपुर की धरती पर चमके सिंग्रामपुर के सितारे, परीक्षा में रचा इतिहास



**सिंग्रामपुर।** साधना, संस्कार और शिक्षा का अद्भुत संगम जब होता है, तो परिणाम चमत्कारी ही होते हैं। लार्डगंज जैन मंदिर, लाखाभवन, जबलपुर में आयोजित स्वयं भू स्त्रोत परीक्षा में सिंग्रामपुर की विद्या समय संस्कारोदय पाठशाला के बच्चों ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि समर्पण और मार्गदर्शन से असंभव कुछ नहीं। आचार्य भगवन श्री 108 समय सागर महाराज जी के दिव्य सानिध्य एवं प्रेरणा से आयोजित इस प्रतियोगिता में जब परिणाम घोषित हुआ, तो सिंग्रामपुर पाठशाला के सात में से छह बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी को चौंका दिया। इन नन्हे प्रतिभावानों – आरवी, जैन, श्रेया, अमोल, निशांक, आरव और अविरल – ने सिर्फ परीक्षा ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का दिल जीत लिया। बच्चों की इस शानदार उपलब्धि के पीछे पाठशाला की समर्पित बहनों – श्रद्धा, चंचल, और सृष्टि – का अथक परिश्रम और संस्कारयुक्त शिक्षा का योगदान रहा, जिन्होंने न केवल ज्ञान का दीप जलाया, बल्कि बच्चों के चरित्र को भी गढ़ा। पुरस्कार वितरण नवाचार्य 108 समय सागर जी महाराज जी के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मंदिर प्रांगण में बच्चों और शिक्षिकाओं का श्रीफल, माला एवं जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। समाज ने पूरे नगर में गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली, जो इस उपलब्धि का सजीव प्रमाण बन गई। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ, लेकिन यह उपलब्धि आने वाले समय में समाज और संस्कृति की नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनकर अमिट रहेगी।

## 'माटी गणेश -सिद्ध गणेश' के सृजन हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

दिनांक 25 अगस्त दिन सोमवार को मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी .पी. चौधरी के निर्देशन में भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के निर्वहन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी हो सके इस उद्देश्य से आने वाले श्री गणेश उत्सव पर हमारे देशवासी मिट्टी के ही श्री गणेश बनाएं ।इस हेतु कार्यशाला आयोजित की गई ।जिसमें अनेक छात्राओं ने बहुत ही दिव्य भगवान श्री गणेश की प्रतिमा बनाई ।इस कार्यशाला का आयोजन का प्रयोजन महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ.एनपी नायक सर ने रखा एवं डॉ.अवधेश जैन सर ने भगवान गणेश की महिमा का वर्णन करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मालती नायक और इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ.कल्याणी राय एवं समिति सदस्य डॉ प्रिया थापा डॉ अजय सिंह सर का महत्वपूर्ण योगदान रहा इस कार्यक्रम में डॉ शबाना परवीन , डॉ जया अहिरवार एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने भागीदारी की। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेश पौराणिक ने किया।



## जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया**

नगर के संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के शासकीय अर्धशाशकीय स्कूलों के अंडर 14 अंडर 17, अंडर 19 के छात्र, छात्राओं ने सहभागिता निभाई । और अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तर के लिए अपना चयन करवाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमेंद्र सिंह ठाकुर जिला दमोह क्रीड़ा अधिकारी विवेक दत्त शर्मा एवं प्राचार्य डी०पी ० वर्मा ने समस्त खिलाड़ियों का अभिनंदन करते हुए उनका परिचय लेकर खेल प्रारंभ कराया। नगर खेल प्रभारी शैलेंद्र अग्रवाल ने बताया कि संभाग स्तर पर इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिसमें छात्राओं मे आदि जैन, अरहम जैन, सत्यम सिंह, पारी दुबे, हरिओम राठौर, विकास सोनी, श्रीकांत सेन, केशव लादिया, सुनील रजक, राजवीर सिंह, देवांश राठौर, सागर चतुर्वेदी, सुयश कुमार जैन, अक्षय पटेल, एवं छात्राओं में विदुषी रजक, लिली राय, रक्षा ठाकुर, अविका सोनी, खुशबू राठौर, खुशी राठौर, शिव दीक्षित, भगवती, खुशी पटेल, श्रेय श्री राठौर, आरती अठया, नित्या गोस्वामी, अंजली साहू एवं दुर्गा साहू आदि का संभाग स्तर पर खेलने हेतु चयन हुआ है। आनंद चौरसिया, पवन चौरसिया, सुनील अहिरवाल ने रैफरी एवं चयनकर्ता की भूमिका निभाई इस अवसर पर तैय्यूब अली, मुन्ना लाल पटेल, संतोष, राहुल, निधि पटेल, भारती सोनी, आदि का सहयोग रहा।

## पटेरा पुलिस ने की कॉबिंग गश्त



**पटेरा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश एवं आगामी त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता हेतु आदतन अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु 23 अगस्त की मध्य रात्रि में श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में ज़िले में कॉबिंग गश्त आयोजित की गई। गस्त दौरान श्रीमान एसडीओपी महोदय हटा के निर्देशन में थाना प्रभारी पटेरा के नेतृत्व में थाना पटेरा से पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सजगता से कांबिंग गस्त करते हुए रात्रि 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक निम्न कार्यवाही को अंजाम दिया गया।06 स्थाई वारंट तामील किए गए, 02 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। इस दौरान 34( 2) आबकारी एक्ट का 3 माह से फरार 1 आरोपी गिरफ्तार किया गया। जेल रिहाई चैक किए गए। 34 आबकारी कार्यवाही की गई गुंडा निगरानी बदमाश चेक किए गए , वाहन चैक कर समन शुल्क बसूला गया। तामील किए गए वारंटियों को आज दिनांक को अपने अपने क्षेत्राधिकार न्यायालय में पेश किया गया।

## वैश्य महासम्मेलन का पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

**दमोह।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में पारिवारिक मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन वैश्य भवन दमोह में किया जाता है जिसमें महिला पुरुष मिलकर हाउजी गेम सहित अन्य गेम खेलते हैं और चाट चौपाटी का आनंद लेते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल संभागीय महामंत्री सुशील गुप्ता पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मालती असाटी जिला प्रभारी पदम इटोरिया जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल जिला युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल महिला प्रभारी विद्या असाटी महिला अध्यक्ष सुनीता गुप्ता नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश असाटी नगर अध्यक्ष राजू नामदेव नगर अध्यक्ष अनीता अग्रवाल सुमन अग्रवाल कंचन असाटी रमा अशोक अग्रवाल निशा अग्रवाल राजेंद्र असाटी दिनेश गुप्ता ज्योति स्वप्नेश अग्रवाल सीमा अनिल अग्रवाल नीलू राजेंद्र अग्रवाल शिखा संतोष अग्रवाल सविता मनीष जैन संगीता सुशील अग्रवाल श्रीमती निर्मला गुप्ता बरखा बंटी गुप्ता नंदा मुकेश असाटी विष्णु गुप्ता गिरिजा साहू रश्मि ललित असाटी हेमा राजू नामदेव रश्मि संदीप नामदेव सरोजिनी राजकुमार नामदेव सरिता अनिल नेमा मीना वीरेंद्र असाटी अनामिका सचिन असाटी लकी सोनी मंजू अनिल अग्रवाल रजनी गुड्डा साहू रितु लक्ष्मी अग्रवाल साधना विनोद गुप्ता कमला भगवान दास शाह निवेदिता अनुराग साहू ज्योति प्रदीप गुप्ता माया राजेश गुप्ता मनीषा गिरधारी गुप्ता माधुरी सोनू गुप्ता नूतन राजेश साहू वीणा किशोरी जी लाल अग्रवाल संगीता मनीष नायक कल्पना प्रभु दयाल पोद्दार शोभा राजकुमार असाटी सुषमा विश्वकर्मा छाया राजेश साहू बबीता महेंद्र साहू अमिता विकल्प जैन नीलिमा वीरेंद्र अग्रवाल तुलसा बृजेश नामदेव निक्की रेनू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारीयो व वैश्य बंधुओ की उपस्थिति रही।

## ग्राम पंचायत जबेरा द्वारा बस स्टैंड पर चलाया सफाई अभियान



**जबेरा।** ग्राम पंचायत जबेरा द्वारा राहगीरों एवं यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बस स्टैंड पर स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें पेशाब घर, शौचालय एवं यात्री प्रतीक्षालय की साफ सफाई कराई गई। साथ ही नगर के श्री राम चौराहा, बाड़ा तालाब आंगनबाड़ी केंद्र, जमादार मोहल्ला के नालियों की सफाई की गई एवं ग्राम पंचायत द्वारा नगर में निरंतर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सरपंच शिवलाल धुर्वे एवं सचिव कलू यादव द्वारा ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा है कि नगर के सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी ना फैलाएं, स्वच्छता अपनाएं और ग्राम पंचायत द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें।

## सड़क दुर्घटना मामले में जिला न्यायालय द्वारा 67 लाख का मुआवजा स्वीकृत

**दमोह।** दिनांक 7 अक्टूबर 2024 को शासकीय शिक्षक शिब्बू अहिरवार जब दुपहिया वाहन से राहतगढ़ जब रहे थे तभी तेज रफ्तार से आती हुई बुलेरो वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई थी। जिसका मामला पूर्व शासकीय अधिवक्ता के.के. वर्मा ने जिला सत्र न्यायाधीश महोदय के समक्ष रखा तब सदस्य मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण दमोह ने आदेश पारित करते हुए कहा कि अनावेदक गण संयुक्त एवं प्रथकतः दायित्व के अधीन आवदेकगण को मृतक शिब्बू अहिरवार की मृत्यु के संबध में 66,07654 रूप्ये प्रतिकर स्वरूप बीमा कंपनी अदा करे। अनावेदक गण संयुक्त अथवा प्रथक प्रथक आवेदकगण को उक्त राशि आवेदन प्रस्तुति दिनांक तक का 07 प्रतिशत वार्षिक साधरण की दर से अदा करे। अदागयी एक माह के अंदर की जाये। पूर्व शासकीय अधिवक्ता के.के.वर्मा ने बताया कि माननीय जिला सत्र न्यायालय के बीमा कंपनी को जो आदेश किया वह क्लेम मृतक की पत्नि लीलावती एवं बच्चो को दिया जायेगा। प्रतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु मामला बीमा कंपनी एवं दुर्घटना करने वाले बाहन चालक एवं मालिक के विरूद्ध पेश किया गया।

## रक्तदान शिविर आज

**पटेरा।** 26 अगस्त दिन मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में सुबह 11 बजे जिला चिकित्सालय दमोह से रक्त दान शिविर हेतु (रक्त वाहन सहित) टीम आ रहीं हैं। समस्त रक्त दाताओ से स्वास्थ्य विभाग ने निवेदन किया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में पहुंचकर रक्तदान जरूर करें।

### रैपुरा और कुम्हारी के बीच गुदरी टेक पर दर्दनाक हादसा

# ट्रक की टक्कर से कार के परखच्चे उड़े एक की मौत, दूसरा जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कटनी मार्ग पर एक बार फिर रफ्तार के कहर के साथ एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया है। एक तेज रफ्तार ट्रक और कार के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में जहा कार के परखच्चे उड़ गए वही कार में सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह कटनी रोड पर कुम्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत रैपुरा और कुम्हारी के बीच गुदरी टेक पर एक आईसर ट्रक और कार की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चार पहिया



वाहन में सवार 4 लोगों में से गोलू विश्वकर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाद में कार सवार वहीं तीन घायलों को पटेरा अस्पताल से दमोह जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से गंभीर हालत में आलोक शर्मा को जबलपुर रेफर कर दिया गया। वही दो अन्य घायल माखन साहू दीपेंद्र सिंह का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। घटनास्थल की तस्वीर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना भीषण रहा होगा। फिलहाल पुलिस ने दोनों गाड़ियों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## ब्यारमा नदी में बहा बुजुर्ग का शव, एसडीआरएफ टीम को ग्राम बंधा में मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा/रनेह

पटेरा पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पाल अर्जुनी निवासी शंकर कुर्मी उम्र 63 वर्ष ब्यारमा नदी में तैरते समय अचानक बह जाने से सनसनी के हालात बन गये। ग्रामीणों की सूचना पर जिले से एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू आपरेशन चलाकर रनेह थाना अंतर्गत ग्राम बंधा के समीप शव को तलाश करने में सफलता प्राप्त की। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 अगस्त शनिवार को दोपहर शंकर



लाल कुर्मी ब्यारमा नदी में तैरकर उस पार जाने की जानकारी मिली थी, परंतु शाम तक जब वह ना घर वापस आया ना ही समीपी ग्राम मझगुवां पहुंचा तब परिजन चिंतित हो गए व खोजबीन करने पर कोई पता न लगने पर पटेरा पुलिस थाना में जानकारी दी एवं नदी में बहने का संदेह जताया। पुलिस ने गुम इंसान कायम कर नदी में पतासाजी हेतु एसडीआरएफ टीम को बुलाया। टीम द्वारा सोमवार को ब्यारमा नदी के बंधा पुल के पास शंकरलाल के शव को तलाश कर लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही रनेह थाना से प्रधान आरक्षक शिवराज सिंह लोधी, आरक्षक सौरभ साहू मौके पर पहुंचकर मर्ग क्रमांक 16/25 धारा 194 कायम कर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल हटा भेजा गया। पटेरा पुलिस थाना प्रभारी सरोज सिंह ठाकुर ने बताया कि 24 को गुम इंसान कायम कर विवेचना शुरू कर दी। अगले दिन 25 अगस्त को शव को खोज लिया गया। रनेह थाना में प्राथमिक कार्यवाही के पश्चात 26 अगस्त को प्रकरण पटेरा पुलिस थाना को प्राप्त होगा तब अग्रिम विवेचना की जाएगी। वहीं ग्रामवासियों के बताए अनुसार शंकर कुर्मी समीपी ग्राम मझगुवां खेड़ा जाने के लिए नदी से पार कर जा रहा था परंतु बहाव तेज होने से वह चूक गया।

## दुनिया में कोई भी मनुष्य संपूर्ण नहीं होता : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

गायत्री शक्तिपीठ दमोह के सभागार में जिला स्तरीय युवा चेतना कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला के प्रथम सत्र का उद्घाटन करते हुए सहायक कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे IAS ने अपना अनुभव युवाओं के बीच शेयर करते हुए बताया कि मैने मल्टीनेशनल कंपनी छोड़कर यूपीएससी की तैयारी की पहले फेल हुआ, दूसरी बार में इंटरव्यू में फेल हुआ और तीसरी बार में आई ए एस बना और मेरी प्रथम पोस्टिंग दमोह में दो माह पूर्व हुई।इसके पीछे की मेहनत की कहानी सुनाते हुए नव युवकों, नव युवतियों में उत्साह का संचार कर दिया।

भोपाल से पधारे आई टी कंपनी के मालिक,राहुल श्रीवास्तव एम टेक जिनके अमेरिका,कनाडा में ऑफिस संचालित है, कहा कि गायत्री परिवार से मैने जो बचपन से सीखा उसी का परिणाम है कि 35 वर्ष की उम्र में ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर भारत के कोने कोने में जाकर युवाओं को प्रेरित करता हूँ कि अनुशासन का फल अवश्य मिलता है। जीवन में उपासना,साधना और आराधना के माध्यम से सब कुछ पाया जा सकता है। प्रोजेक्टर के माध्यम से उन्होंने युवाओं को विभिन्न विषयों पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। हटा के डॉ सी एल नेमा द्वारा गायत्री परिवार के अपने संस्मरण सांझा कर कहा कि आप बहुत भाग्यशाली है जो आपको गायत्री परिवार से जुड़ने का सौभाग्य मिला। श्रीमती संगीता श्रीधर ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। द्वितीय सत्र के शुभारंभ पर दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर ने बिल्कुल नई शैली में युवाओं को मोटिवेशन दिया, आप पूछिए,हम जवाब देंगे।उनका यह क्रम एक घंटे से ज्यादा चला और एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि कोई ही मनुष्य संपूर्ण नहीं होता, हमे जिसे भी स्वीकार करना है तो उसकी अच्छाइयों और कमियों सहित स्वीकार करने से जीवन शांतिपूर्ण बनता है।किसी को भी किसी की नकल नहीं करनी चाहिए प्रत्येक व्यक्ति को एक दूसरे से अलग ही भगवान ने बनाया है। उन्होंने अपने संस्मरण और समस्याओं को समाधान करने की शैली भी बताई। कार्यक्रम में जिले भर के 250 से अधिक युवक युवतियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों का स्वागत सम्मान युवा प्रकोष्ठ के भाइयों ने किया। कार्यशाला का सफल संचालन प्रखर गर्ग द्वारा और आभार प्रदर्शन जिला समन्वयक बी पी गर्ग द्वारा किया गया।

### छात्र छात्राओं को हो रही कठनाईया....

## विश्राम गृह तक सड़क गड्ढों में तब्दील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

जिले के तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत तेजगढ़ में विश्रामगृह से लेकर पवन चक्की तक की सीसी सड़क एक फीट गहरी गड्ढो में तब्दील हो गई है। राहगीरों को एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को आने-जाने में बहुत कठिनाइयां हो रही हैं । यहां पर सरस्वती शिशु मंदिर एवं प्राइवेट स्कूल सरस्वती ज्ञानोदय विद्या मंदिर स्कूल गॉड्स ग्रेस स्कूल सहित बड़ी किराना दुकान भी इसी रास्ते में है जिससे लोगों का आवागमन ज्यादा रहता है। रास्ते में कीचड़ और गड्ढे होने के कारण वाहनों के निकलने से छात्र-छात्राओं की यूनिफॉर्म गंदी हो जाती है जिससे वह स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। स्कूल वाहनों का भी आवागमन यहीं से रहता है क्रॉसिंग के टाइम पर और बहुत कठिनाइयां झेलनी पड़ती हैं जिम्मेदार लोग इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिनकी गलती का नतीजा छोटे-छोटे छात्र-छात्राएं भोग रहे हैं। कभी भी कोई भी हादसा हो सकता है जिसका जिम्मेदार कौन है। यह पता नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में ज्यादातर छात्र-छात्राओं के एडमिशन करवा कर स्कूल में पड़ने के लिए भेजते हैं।लेकिन रास्ते खराब होने के कारण बच्चों को स्कूल नहीं भेज पा रहे हैं क्योंकि यहां पर खतरों का डर बना हुआ है जिम्मेदार लोग रास्ते की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं कभी भी कोई भी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध में तेजगढ़ सरपंच प्रतिनिधि विनजय जैन का कहना है कि यथाशीघ्र रास्ते को ठीक कराया जाएगा जल्दी से जल्दी सीसी रोड भी बनाई जाएगी। वही तेजगढ़ पंचायत सचिव जुगराज सिंह ठाकुर का कहना है की पवन चक्की से शिशु मंदिर तक का रास्ता खराब है।जल्दी से सुधार कार्य किया जायेगा सीसी रोड़ भी बनाया जाएगा थोड़ा सा टाइम लगेगा कार्ययोजना जोड़ने मे ।

## ऑनलाइन वेब जीआईएस 2.0 पोर्टल पर कार्य संपादन से विरत रहने के संबंध में सौंपा पटवारी संघ ने ज्ञापन

**दमोह।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल द्वारा प्रमुख सचिव (राजस्व)को प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल द्वारा नवीन ऑनलाइन बेवजीआईएम 2.0 पोर्टल पर आ रही विसंगतियो, कार्य संपादन में तकनीकी व्यावहारिक परेशानियों के बारे में प्रदेश के पटवारियों की समस्याओं से आयुक्त भू-अभिलेख को अवगत कराया गया था साथ ही यह भी अवगत कराया था कि समस्याओं के निराकरण न होने पर प्रदेश के पटवारी आंदोलन हेतु बाध्य होगें। जिसके उपरांत प्रमुख सचिव द्वारा एक सप्ताह के अन्दर पोर्टल की सभी समस्याओं के शीघ्रातिशीघ्र निराकरण करने को कहा गया था, इसे पटवारी यूजर फ्रेंडली बनाने एवं अनुभव एवं तकनीकी जानकारी पटवारियों एवं बेवजीआईस की तकनीकी टीम का संयुक्त दल बनाकर समस्याओं का निराकरण किये जाने का आश्वासन दिया गया। यह कि प्रशासन द्वारा अभी तक पोर्टल पर सुधार नहीं किये जाने से पोर्टल पर परिवार के स्तर से राजस्व न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का अमत, खसरा आधार केवाईसी सत्यापन, साइबर तहसील नामांतरण व अन्य कार्य नहीं हो पा रहे है जिससे प्रदेश का किसान परेशान हो रहा है व मजबूर बहुतायत में सीएम हेल्पलाइन शिकायत लग रही है। पोर्टल में सुधार ना होने से मुख्यमंत्री की घोषणाओ कि त्वरित नामान्तरण बटवारा दुरुस्ती हो पर अमल नहीं हो पा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप जिले में अधिकारियों द्वारा पटवारियों को सस्पेंड करना, कारण बताओ सूचना पत्र देना, वेतन रोकना जैसी अनुचित कार्यवाही की जाफर पटवारी संवर्ग को परेशान किया जा रहा है। पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष कुंज बिहारी दुबे के द्वारा सोमवार को अपर कलेक्टर श्रीमती मीना मसराम को इन्ही विसंगतियों के संबंध में निराकरण किये जाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर ज्ञापन सौंपने वालों में शिव शंकर पटेल, रेवाराम अहिरवार, पुरूषोत्तम विश्वकर्मा, जावेद जिलानी, देवेन्द्र अहिरवाल, गौरीशंकर अहिरवाल, पंकज विश्वकर्मा, नीरज चौरसिया, नीलेश गर्ग, दिनेश यादव, आशीष अहिरवाल, शैलेन्द्र सिंह, दीपक राव, धनीराम तेकाम सहित समस्त पटवारियों की उपस्थिति रही।

## राष्ट्रपति पुरस्कार के लिये शीला पटेल के नाम का चयन

**दमोह।** राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान में दमोह की एक शिक्षिका शीला पटेल का नाम आने से दमोह का नाम पूरे देश में रोशन हुआ है। इसके लिये कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने चयनित शिक्षिका श्रीमती शीला पटेल एवं सम्पूर्ण शिक्षा जगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा दमोह को लगातार दो वर्षो



से राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान प्राप्त होने से हम गौरांवित हैं हम शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करेंगे। श्रीमती शीला पटेल को उनके शुभचिंतकों के द्वारा लगातार बधाईयां दी जा रही हैं। कलेक्टर कोचर ने कहा मध्यप्रदेश में सिर्फ दो जिलों के शिक्षक इसमें चयनित हुये हैं, उसमें लगातार दूसरे वर्ष दमोह का नाम आना गौरव की बात है। उन्होंने कहा गत वर्ष माधव पटेल को राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान एवं श्रीमती शीला पटेल को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान प्राप्त हुआ था। इस वर्ष 2025 राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान के लिये दमोह जिले की पथरिया क्षेत्र के ग्राम देवरान टपरिया प्राईमरी विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती शीला पटेल का चयन किया गया है। देश की महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा यह सम्मान दमोह की शिक्षिका श्रीमती शीला पटेल को प्रदान किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि देश के 45 शिक्षक शिक्षिकाओं के नामों का चयन राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान के लिये चयनित किये गये है, वहीं मध्यप्रदेश में दमोह और आगर मालवा के शिक्षकों के नाम इसमें सम्मिलित हैं।

### पौधारोपण अभियान में सहभागिता निभाये पटेरा नगरवासी

**दमोह।** नगर परिषद पटेरा में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने का संकल्प लिया है। नगर परिषद के उपाध्यक्ष दीपक



ताम्रकार ने पटेरा नगरवासियों से अपीक की है कि इस अभियान में भाग लें और अपनी माताओं के नाम एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। मां जीवन की पहली शिक्षक होती हैं। उनके सम्मान में लगाया गया पौधा परिवार का हिस्सा बन जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि, यह अभियान जनसहभागिता से आगे बढ़ेगा। सीएमओ प्रेम सिंह चौहान ने कहा कि इस अभियान से समाज को एक नई सोच मिलेगी जहाँ वृक्ष केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि संवेदनाओं से भी जुड़े होंगे। हम सभी मिलकर इस संकल्प को साकार करेंगे।

## जुड़ी नदी के घाट पर मिला नवजात का शव

### जांच में जुटी पुलिस, दस दिन के अंदर दूसरी घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत फिर एक मां की निर्दयता देखने मिली है। जुड़ी नदी के घाट पर सोमवार सुबह नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव देखा तो तत्काल पुलिस को सूचित किया और शव को बाहर निकाला। पुलिस के द्वारा मामले की



जांच कर महिला की तलाश की जा रही है। दस दिन के अंदर जिले में यह दूसरी घटना है। बटियागढ़ नगर में सोमवार सुबह हड़कंप मच गया। जब इलाके से निकली जूडी नदी के घाट के पास लोगों ने पानी में एक नवजात शिशु का शव तैरता देखा। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही बटियागढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि नवजात को नदी में कब और किसने फेंका। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे हैं। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 56/25 क़ायम कर धारा 194bns लगाई गई है और पुलिस निर्दयी मां की तलाश कर रही है।

## मोटे की तलैया में मगरमच्छ का खौफ, दहशत में ग्रामीण

**बनवार।** बनवार के पास स्थित मोटे की तलैया में पिछले एक महीने से मगरमच्छ का आतंक छाया हुआ है। चार से पाँच फीट लंबा यह मगरमच्छ अब खुलेआम पानी से निकलकर किनारों पर नजर आने लगा है। 24 अगस्त की



रात तो स्थिति और भयावह हो गई, जब राहगीरों ने उसे सड़क किनारे बैठा देखा। ग्रामीणों का कहना है कि शुरुआती दिनों में वन विभाग ने निगरानी की, लेकिन फिर लापरवाही बरतते हुए ध्यान हटा लिया। अब स्थिति यह है कि इस तलैया के किनारे से लोग गुजरने में भी डरने लगे हैं, क्योंकि यह जगह मुख्य सड़क के पास है और आसपास कई घर भी बसे हुए हैं। लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कोई अनहोनी हो सकती है। उन्होंने वन विभाग से तुरंत मगरमच्छ को पकड़ने और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। ब्यारमा नदी में मगरमच्छ के हमलों से पहले ही कई हादसे हो चुके हैं, जिससे लोग अब मोटे की तलैया के मगरमच्छ को भी 'चलता-फिरता खतरा' मान रहे हैं।

### सनातन हिंदुओं को जागरूक करने बड़े काफिले के साथ हटा पहुंचे राणा...

## गौरव और संस्कारों की रक्षा करनी है तो अपने धर्म का ज्ञान जरूरी है- पं. उपदेश राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

राष्ट्रभक्ति के चाहने वालों और धर्म के मानने वालों की गिनती मायने नहीं रखती उनका वजूद मायने रखता है आप किन परिस्थितियों में जी रहे है किस समाज को बढ़ा दिया गया है यह हमारी उदासीनता है हमें अपने बच्चों को संस्कार देने होंगे यदि अपने गौरव और संस्कारों की रक्षा करनी है, अपने आप को जीवित रखना है तो अपने धर्म का ज्ञान जरूरी है उक्त वक्तव्य उपकाशी हटा नगरी में सोमवार की दोपहर सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपदेश राणा ने अंधियारा बगीचा में



आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच से हिंदुओं को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने आगे संबोधित करते हुए कहा कि हटा में यदि हिंदू जाति की लड़की को विधर्मी लोग ले जाते हैं तो समझिए हमारे अंदर का परशुराम जिंदा नहीं है। अब ऐसी घटना दोबारा न हो हमें जागरूक रहना है। हटा में धर्म के कार्य के लिए जो लोग आगे आते हैं उन पर झूठे मुकदमे में फंसाने के प्रयास करने वालों को अब हम कामयाब नहीं होने देंगे और नाही अब गौ माता काटने देंगे और न ही लव जिहाद होने देंगे। हम धर्म के लिए ही जिंदा है और धर्म की लड़ाई लड़ते रहेंगे चाहे हमें अपने प्राण गवाने पड़े। सभी हिंदू भाई अपने कर्तव्यों का पालन करें क्योंकि कभी आप पर भी बीत सकती है इसलिए हम सब हिंदुओं को बदलना होगा तभी जाके कुछ बदलेगा और एक नई तस्वीर पेश होगी। कार्यक्रम के पूर्व हिंदू शेर उपदेश राणा जी का मंच पर हटा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित महेश पुरानी, सनातन धर्म संघ के जिला अध्यक्ष कपिल पांडे एवं विश्वहिंदू परिषद् के जिला उपाध्यक्ष बबलू राय सोनू मिश्रा, हरिशंकर साहू, रजनीश तिवारी द्वारा पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के पूर्व उपदेश राणा का दमोह नाका पर घंटे से बेशर्मी से इंतजार कर रहे सनातनी हिंदू भाइयों ने भव्य स्वागत किया इसके उपरांत काफिला आगे बडा जो रेस्ट हाउस के रास्ते से बस स्टैंड मंदिर मस्जिद चौराहा से चंडी जी मंदिर पहुंचा जहां पर मातारानी के दर्शन उपरांत अंधेरा बगीचा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जहां उपस्थित हजारों हिंदुओं ने जय श्री राम के उद्घोषों के साथ हिंदू शेर का भव्य अभिवादन किया।

## आंध्रप्रदेश से नाबालिग बालिका बरामद, आरोपी को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया व तेंदूखेड़ा एसडीओपी देवीसिंह के मार्गदर्शन में बनवार चौकी पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम से सुरक्षित बरामद कर लिया। नोहटा थाना प्रभारी ने बताया कि एक माह पूर्व फरियादी पिता ने 16 वर्षीय पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने मुखबिरों की मदद से सुराग जुटाए और 21 अगस्त को आंध्रप्रदेश जाकर बालिका को बरामद कर लिया। बालिका के बयान पर आरोपी भारत अहिरवार, निवासी ग्राम झरौली थाना नोहटा, को गिरफ्तार किया गया। उस पर अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गईं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया, जबकि बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव, प्रधान आरक्षक गणेश प्रसाद, आरक्षक नन्हे सिंह, महिला आरक्षक प्रतिभा दुबे और साइबर सेल के आरक्षक मयंक की अहम भूमिका रही।